संख्या:21/2015/3348जेएल/22-3-14-300(48)/2014

प्रेषक,

आर0के0 द्विवेदी,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-3 ***लखनऊ: दिनांक: 28 जनवरी, 2015***

विषय: जिला कारागार, सिद्धार्थनगर में निरूद्ध सिद्धदोष बंदी राम बहादुर पुत्र श्री राम प्रताप के कैंसर रोग के उपचार हेतु रूपये-1,00,000/-(रूपये एक लाख मात्र) की धनराशि की स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-37455/सामा-1(5)/01/2014ब0चि0जि0का0 सिद्धार्थनगर, दिनांक 15-12-2014 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि महामहिम राज्यपाल महोदय द्वारा जिला कारागार, सिद्धार्थनगर में निरूद्ध सिद्धदोष बंदी राम बहादुर पुत्र श्री राम प्रताप के कैंसर रोग के उपचार हेतु रूपये-1,00,000/-(रूपये एक लाख मात्र) की धनराशि की प्रशासकीय/वित्तीय स्वीकृति प्रदान की जाती है।

2- उक्त बंदी का उपचार के0जी0एम0यू0, लखनऊ में ही कराया जायेगा तथा उपचार के उपरान्त यदि कोई धनराशि शेष बचती है तो उसे नियमानुसार राजकोष में जमा करा दी जाय।

3- यह भी सुनिश्चित किया जाय कि प्रश्नगत बंदी का उपचार कारागार विभाग द्वारा कराया जाना उसकी जीवन रक्षा के लिए अपरिहार्य एवं आवश्यक है तथा उक्त बंदी के शीघ्र ही कारागार से रिहा होने की कोई सम्भावना नहीं है।

4- कृपया यह सुनिश्चित करें कि वित्तीय हस्तपुस्तिका में उल्लिखित नियमों तथा समय-समय पर जारी शासन के संगत आदेशों का कड़ाई से अनुपालन प्रत्येक स्तर पर सुनिश्चित किया जाय तथा जहां आवश्यक हो सक्षम अधिकारी की पूर्व स्वीकृति प्राप्त कर ली जाय।

5- उक्त के निमित्त होने वाला व्यय वर्तमान वित्तीय वर्ष 2014-15 के आय व्ययक के लेखाशीर्षक-"2056 के लघुशीर्षक 101-03-समस्त कारागार के मानक मद-42-अन्य व्यय" के नामे डाला जायेगा तथा उपलब्ध प्राविधान के सापेक्ष वहन किया जायेगा।

6- यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-ई-12-251/दस-2014-01/2014, दिनांक 13-08-2014 में दिये गये निर्देशो के अधीन जारी किये जा रहें है।

भवदीय,

(आर0के0 द्विवेदी)
उप सचिव।

----2

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या:21/2015/3348जेएल(1)/22-3-14-उक्तदिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2. मुख्य कोषाधिकारी, सिद्धार्थनगर।
3. जिलाधिकारी, सिद्धार्थनगर।
4. अधीक्षक, जिला कारागार, सिद्धार्थनगर।
5. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-12
6. कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं अनुभाग-4
7. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(आर0के0 द्विवेदी)
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।